**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.827**
**27/07/2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**विशाखापत्तनम में समुद्र तट का क्षरण**

**827 श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:**

**क्या पृथ्वी विज्ञान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) सरकार विशेषज्ञों के अनुसार विशाखापत्तनम में समुद्र तट के लगभग 30 प्रतिशत क्षरण को किस प्रकार देखती है;

(ख) सरकार किस प्रकार से देश में समुद्र तटों, विशेषकर विशाखापत्तनम और आन्ध्र प्रदेश के अन्य समुद्र तटों को निरंतर पुष्ट करने की योजना बना रही है; और

(ग) विशेषज्ञों की इस राय पर, सरकार का क्या जवाब है कि यदि पर्याप्त सावधानी नहीं बरती गई तो 50 वर्षों के बाद विशाखापत्तनम का आरके बीच मुंबई के मरीन ड्राइव जैसा हो सकता है?

**उत्तर**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (NCCR) द्वारा किए गए अध्ययन से पता चलता है कि विशाखापत्तनम जिले की तटरेखा का 19% भाग क्षरण के अधीन है, 43% भाग अभिवृद्धि के अधीन है और शेष 38% भाग स्थिर स्थिति में है। विशाखापत्तनम शहर के लिए 22% तट, क्षरण के अधीन है।

(ख) राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र ने पुडुचेरी और केरल के चेल्लानम में पुनर्स्थापन और तटीय संरक्षण में नवाचारी क्षरण शमन उपायों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। इसी प्रकार, संवेदनशील हिस्सों में तटीय सुरक्षा उपायों के डिजाइन और तटरेखा प्रबंधन योजनाओं की तैयारी में आंध्र प्रदेश सहित तटीय राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान की गई है।

(ग) आरके बीच पर अतिरिक्त क्षरण से बचने के लिए विशाखापत्तनम और गंगावरम के बंदरगाहों से निकाली गई रेत को समुद्र तट पर डाला जाना चाहिए और तट की सुरक्षा के लिए एक व्यापक तट सुरक्षा योजना तैयार की जानी चाहिए।

*****